"Provided that goods so supplied, when exports have already been made after availing input tax credit on inputs used in manufacture of such exports, shall be used in manufacture and supply of taxable goods (other than nil rated or fully exempted goods) and a certificate to this effect from a chartered accountant is submitted to the Jurisdictional Commissioner of GST or any other officer authorised by him within 6 months of such supply,;

Provided further that no such certificate shall be required if input tax credit has not been availed on inputs used in manufacture of export goods.";

(ii) In the Explanation of the said notification against serial number 1 the words "on pre-import basis" shall be omitted.

2. This notification shall be deemed to come into force with effect from the 15th day of January, 2019.

वित्त अनुभाग–8

अधिसूचना

11 फरवरी, 2018 ई0

संख्या 22/2019/108(120)/XXVII(8)/2002–चूँकि, राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना समीचीन है;

अतएव, अब, राज्यपाल, उत्तराखण्ड मूल्यवर्धित कर अधिनियम, 2005 (अधिनियम संख्या 27, वर्ष 2005), की धारा 32 की उपधारा (12) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सहर्ष आदेश देते हैं कि उत्तराखण्ड मूल्यवर्धित कर नियम, 2005 के अधीन वर्ष 2015–16 के लिए कर–निर्धारण अथवा पुनः कर–निर्धारण दिनांक 30 जून, 2019 किया जा सकेगा।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the Notification **No. 22/2019/108(120)/XXVII(8)/2002,** dated February 11, 2019 for general information.

NOTIFICATION

February 11, 2019

No. 22/2019/108(120)/XXVII(8)/2002--WHEREAS the State Government is satisfied that it is expedient so to do in public interest;

NOW THEREFORE, in exercise of the powers conferred by Sub-section (12) of Section 32 of the Uttarakhand Value Added Tax Act, 2005 (Act No. 27 of 2005), the Governor is pleased to order that tax assessment or tax reassessment under the Uttarakhand Value Added Tax Act, 2005 for the year 2015-16 may be made upto dated 30th June, 2019.

(विधि–अनुभाग)

21 फरवरी, 2019 ई0

ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्य0), राज्य कर,
देहरादून/हरिद्वार/रुड़की/रुद्रपुर/हल्द्वानी सम्भाग।

पत्रांक 8557/रा0कर आयु0 उत्तरा0/रा0क0मु0/विधि–अनुभाग/18–19/देहरादून–उत्तराखण्ड शासन, वित्त अनुभाग 8 द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 23/2019/19(120)/XXVII(8)/2012, दिनांक 18 फरवरी, 2019 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा कर निर्धारण वर्ष 2017–18 से संबंधित वार्षिक विवरणी दिनांक 30.06.2019 तक बिना विलम्ब शुल्क के जमा किए जाने तथा दिनांक 30.06.2019 के उपरान्त अधिनियम एवं नियम में दिए गए उपबन्धों के अनुसार विलम्ब शुल्क देय अधिसूचित किया गया है।

उक्त अधिसूचना की प्रति इस आशय से प्रेषित है कि उपरोक्त अधिसूचना की अतिरिक्त प्रतियाँ कराकर अपने अधीनस्थ समस्त कर–निर्धारण अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों/व्यापारी संगठनों के अध्यक्ष/सचिव को सूचनार्थ उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

वित्त अनुभाग–8

अधिसूचना

18 फरवरी, 2019 ई0

संख्या 23/2019/19(120)/XXVII(8)/2012–चूँकि, राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना समीचीन है;

अतएव, अब, राज्यपाल, उत्तराखण्ड मूल्यवर्धित कर अधिनियम, 2005 (अधिनियम संख्या 27, वर्ष 2005), की धारा 23 की उपधारा (1) तथा धारा 35 की उपधारा (6) सपठित उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (अधिनियम सं0 1, वर्ष 1904) (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) की धारा 21 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहर्ष आदेश देते हैं कि उत्तराखण्ड मूल्यवर्धित कर नियम, 2005 के नियम 11 में किसी बात के होते हुए भी कर निर्धारण वर्ष 2017–18 से सम्बन्धित वार्षिक विवरणी दिनांक 30.06.2019 तक बिना विलम्ब शुल्क के जमा की जा सकेगी। दिनांक 30.06.2019 के उपरान्त अधिनियम एवं नियम में दिए गए उपबन्धों के अनुसार विलम्ब शुल्क देय होगा।

आज्ञा से,

अमित सिंह नेगी,
सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the Notification **No. 23/2019/19(120)/XXVII(8)/2012,** dated February 18, 2019 for general information.

NOTIFICATION

February 18, 2019

No. 23/2019/19(120)/XXVII(8)/2012--WHEREAS the State Government is satisfied that it is expedient so to do in public interest;

NOW THEREFORE, in exercise of the powers conferred by Sub-section (1) of Section 23 and sub-section (6) of Section 35 of the Uttarakhand Value Added Tax Act, 2005 (Act No. 27 of 2005),read with section 21 of the Uttar Pradesh General Clauses Act.1904 (U.P. Act No. 1 of 1904) (as applicable to the State of Uttarakhand), notwithstanding anything contained in rule 11 of the Uttarakhand Value Added Tax Rules, 2005, the Governor is pleased to declare that the annual return related to the tax assessment year 2017-18 may be filed upto 30.06.2019 without any late fee. After 30.06.2019, late fee shall be payable as per provisions of the Act and Rules.

By Order,

AMIT SINGH NEGI,
Secretary.

विपिन चन्द्र,
अपर आयुक्त राज्य कर,
मुख्यालय, देहरादून।

कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, ऊधमसिंह नगर

कार्यालय आदेश

01 जनवरी, 2019 ई0

पत्रांक 03/टी0आर0/पंजी0नि0/HR51GA-1834/2019–वाहन संख्या HR51GA-1834 (TRUCK), मॉडल 1998, चेसिस संख्या 373011BRQ701760 तथा इंजन नं0 697D22BRQ714273, कार्यालय में श्री सतनाम सिंह पुत्र श्री हरी सिंह, निवासी पुरानी गल्ला मण्डी सितारगंज, जिला ऊधमसिंह नगर के नाम पंजीकृत है। वाहन स्वामी ने आवेदन–पत्र के साथ वाहन का मूल चेसिस नं0 प्लेट प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया है कि उनका वाहन पुराना होने के कारण पूरी तरह नष्ट हो गया है, जो मार्ग में संचालित करने योग्य नहीं है। वाहन का पंजीयन निरस्त करने हेतु अनुरोध किया है। वाहन फाइनेन्स से मुक्त है। सम्भागीय निरीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार वाहन मार्ग में चलने योग्य नहीं है। कार्यालय अभिलेखानुसार वाहन का कर 31.01.2019 तक जमा है। उक्त तथ्यों के आधार पर वाहन के पंजीयन चिन्ह के बने रहने का कोई औचित्य नहीं रहता है।

अतः, मैं, पूजा नयाल, पंजीयन अधिकारी, मोटर वाहन विभाग, ऊधमसिंह नगर, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 55(2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, वाहन संख्या HR51GA-1834 (TRUCK) का पंजीयन चिन्ह एवं चेसिस संख्या 373011BRQ701760 तत्काल प्रभाव से निरस्त करती हूँ।

कार्यालय आदेश

30 जनवरी, 2019 ई0

पत्रांक 125/टी0आर0/पंजी0नि0/UK06CB-0992/2019–वाहन संख्या UK06CB-0992 (TRUCK), मॉडल 1997, चेसिस संख्या 373011FSQ723059 तथा इंजन नं0 697D22FSQ775233, कार्यालय में श्री लईक अहमद पुत्र श्री अमीर बक्स, निवासी मार्फत श्री सुल्तान, 775, सिरौली कला, किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर के नाम पंजीकृत है। वाहन स्वामी ने आवेदन–पत्र के साथ वाहन का मूल चेसिस नं0 प्लेट प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया है कि उनका वाहन पुराना होने के कारण पूरी तरह नष्ट हो गया है, जो मार्ग में संचालित करने योग्य नहीं है। वाहन का पंजीयन निरस्त करने हेतु अनुरोध किया है। वाहन फाइनेन्स से मुक्त है। सम्भागीय निरीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार वाहन मार्ग में चलने योग्य नहीं है। कार्यालय अभिलेखानुसार वाहन का कर 31.01.2019 तक जमा है। उक्त तथ्यों के आधार पर वाहन के पंजीयन चिन्ह के बने रहने का कोई औचित्य नहीं रहता है।

अतः, मैं, पूजा नयाल, पंजीयन अधिकारी, मोटर वाहन विभाग, ऊधमसिंह नगर, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 55(2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, वाहन संख्या UK06CB-0992 (TRUCK) का पंजीयन चिन्ह एवं चेसिस संख्या 373011FSQ723059 तत्काल प्रभाव से निरस्त करती हूँ।

कार्यालय आदेश

30 जनवरी, 2019 ई0

पत्रांक 126/टी0आर0/पंजी0नि0/UK06CA-9070/2019–वाहन संख्या UK06CA-9070 (TRUCK), मॉडल 2002, चेसिस संख्या 429005MYZ727024 तथा इंजन नं0 10L62209538, कार्यालय में मैसर्स राहुल रोड कैरियर्स, म0नं0 283–बी, फजलपुर मैहरौला, रूद्रपुर, जिला ऊधमसिंह नगर के नाम पंजीकृत है। वाहन स्वामी ने आवेदन–पत्र के साथ वाहन का मूल चेसिस नं0 प्लेट प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया है कि उनका वाहन पुराना होने के कारण पूरी तरह नष्ट हो गया है, जो मार्ग में संचालित करने योग्य नहीं है। वाहन का पंजीयन निरस्त करने हेतु अनुरोध किया है। वाहन फाइनेन्स से मुक्त है। सम्भागीय निरीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार वाहन मार्ग में चलने योग्य नहीं है। कार्यालय अभिलेखानुसार वाहन का कर 31.01.2019 तक जमा है। उक्त तथ्यों के आधार पर वाहन के पंजीयन चिन्ह के बने रहने का कोई औचित्य नहीं रहता है।

अतः, मैं, पूजा नयाल, पंजीयन अधिकारी, मोटर वाहन विभाग, ऊधमसिंह नगर, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 55(2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, वाहन संख्या UK06CA-9070 (TRUCK) का पंजीयन चिन्ह एवं चेसिस संख्या 429005MYZ727024 तत्काल प्रभाव से निरस्त करती हूँ।

कार्यालय आदेश

30 जनवरी, 2019 ई0

पत्रांक 127/टी0आर0/पंजी0नि0/UP03-3425/2019–वाहन संख्या UP03-3425 (TRUCK), मॉडल 1998, चेसिस संख्या 357010LRQ8222878 तथा इंजन नं0 497SP21LRQ2773956, कार्यालय में श्री शानू अली पुत्र श्री सादिक हुसैन, निवासी लाम्बा खेड़ा, खानपुर, गदरपुर, जिला ऊधमसिंह नगर के नाम पंजीकृत है। वाहन स्वामी ने आवेदन–पत्र के साथ वाहन का मूल चेसिस नं0 प्लेट प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया है कि उनका वाहन पुराना होने के कारण पूरी तरह नष्ट हो गया है, जो मार्ग में संचालित करने योग्य नहीं है। वाहन का पंजीयन निरस्त करने हेतु अनुरोध किया है। वाहन फाइनेन्स से मुक्त है। सम्भागीय निरीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार वाहन मार्ग में चलने योग्य नहीं है। कार्यालय अभिलेखानुसार वाहन का कर 31.03.2019 तक जमा है। उक्त तथ्यों के आधार पर वाहन के पंजीयन चिन्ह के बने रहने का कोई औचित्य नहीं रहता है।

अतः, मैं, पूजा नयाल, पंजीयन अधिकारी, मोटर वाहन विभाग, ऊधमसिंह नगर, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 55(2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, वाहन संख्या UP03-3425 (TRUCK) का पंजीयन चिन्ह एवं चेसिस संख्या 357010LRQ8222878 तत्काल प्रभाव से निरस्त करती हूँ।

कार्यालय आदेश

30 जनवरी, 2019 ई0

पत्रांक 128/टी0आर0/पंजी0नि0/UK06CB-0994/2019–वाहन संख्या UK06CB-0994 (TRUCK), मॉडल 1991, चेसिस संख्या 364073854418 तथा इंजन नं0 692D01873511, कार्यालय में श्री मनोज जोशी पुत्र श्री नारायण दत्त जोशी, निवासी लाल पुर आंशिक, किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर के नाम पंजीकृत है। वाहन स्वामी ने आवेदन–पत्र के साथ वाहन का मूल चेसिस नं0 प्लेट प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया है कि उनका वाहन पुराना होने के कारण पूरी तरह नष्ट हो गया है, जो मार्ग में संचालित करने योग्य नहीं है। वाहन का पंजीयन निरस्त करने हेतु अनुरोध किया है। वाहन फाइनेन्स से मुक्त है। सम्भागीय निरीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार वाहन मार्ग में चलने योग्य नहीं है। कार्यालय अभिलेखानुसार वाहन का कर 31.01.2019 तक जमा है। उक्त तथ्यों के आधार पर वाहन के पंजीयन चिन्ह के बने रहने का कोई औचित्य नहीं रहता है।

अतः, मैं, पूजा नयाल, पंजीयन अधिकारी, मोटर वाहन विभाग, ऊधमसिंह नगर, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 55(2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, वाहन संख्या UK06CB-0994 (TRUCK) का पंजीयन चिन्ह एवं चेसिस संख्या 364073854418 तत्काल प्रभाव से निरस्त करती हूँ।

पूजा नयाल,
सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।

कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), ऋषिकेश

आदेश

16/17 जनवरी, 2019 ई0

पत्रांक 57/ला0/निलम्ब0/2019–विभिन्न प्रवर्तन अधिकारियों/पुलिस अधिकारियों द्वारा चालन अनुज्ञप्ति के विरूद्ध की गई कार्यवाही की संस्तुति पर लाइसेन्सधारकों को सुनवाई हेतु नोटिस जारी किया गया। लाइसेन्सधारकों द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिए जाने के कारण चालन अनुज्ञप्तियों के विरूद्ध जनसुरक्षा के दृष्टिगत अनुज्ञापन प्राधिकारी के रूप में डा0 अनीता चमोला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, ऋषिकेश, मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–19 की उपधारा–1 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित चालक अनुज्ञप्तियों को उनके सम्मुख अंकित अवधि तक अनर्ह करती हूँ:–

क्र0 सं0	लाइसेन्सधारक का नाम व पता	लाइसेंस संख्या/श्रेणी	संस्तुतिकर्ता अधिकारी	अभियोग	कृत कार्यवाही अनर्ह
1.	श्री उत्तम सिंह पुत्र श्री गब्बर सिंह, निवासी–55, अठूरवाला भानियावाला, ऋषिकेश	यूके–1420180094537, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, टिहरी	क्षमता से अधिक सवारी बैठाना	22.12.2018 से 21.03.2019 तक अनर्ह
2.	श्री देविन्द्र सिंह पुत्र श्री कोमल सिंह, निवासी–192, शान्ति नगर, बनखण्डी, ऋषिकेश	यूके–1420100014317, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	क्षमता से अधिक सवारी बैठाना	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
3.	श्री योगेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र श्री नन्दन सिंह बिष्ट, निवासी–14 बीघा, मुनि की रेती, टिहरी	यूके–1420030011473, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	थानाध्यक्ष, कर्णप्रयाग	क्षमता से अधिक सवारी बैठाना	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
4.	श्री ओशियार सिंह पुत्र श्री रामनारायण सिंह, निवासी–माचागर हातरा, गोपालगंज, बिहार	बीआर–2820170087589, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	कांटे की पर्ची नहीं दिखाई गई	15.01.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
5.	श्री इकबाल पुत्र श्री माजिद, निवासी–नौवा मुजफ्फरनगर, यूपी	यूपी–1220070003583, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	क्षमता से अधिक सवारी बैठाना	22.12.2018 से 21.03.2019 तक अनर्ह
6.	श्री मोहमद शमीम पुत्र श्री मो0 शकील, निवासी–200, रामगढ़ पनजीपुर, पो0 कुराशी, तह0 कोईल, अलीगढ़	यूपी–8120150031659, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	क्षमता से अधिक सवारी बैठाना	22.12.2018 से 21.03.2019 तक अनर्ह

आदेश

16/17 जनवरी, 2019 ई0

पत्रांक 62/ला0/निलम्ब0/2019–विभिन्न प्रवर्तन अधिकारियों/पुलिस अधिकारियों द्वारा चालन अनुज्ञप्ति के विरूद्ध की गई कार्यवाही की संस्तुति पर लाइसेन्सधारकों को सुनवाई हेतु नोटिस जारी किया गया। लाइसेन्सधारकों द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिए जाने के कारण, मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति के आदेशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित अभियोग में अनुज्ञप्तियों के विरूद्ध जनसुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुए, अनुज्ञापन प्राधिकारी के रूप में डा0 अनीता चमोला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, ऋषिकेश, मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–19 की उपधारा–1 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अग्रसारित चालक अनुज्ञप्तियों को उनके सम्मुख अंकित अवधि तक अनर्ह करती हूँ:–

क्र0 सं0	लाइसेन्सधारक का नाम व पता	लाइसेंस संख्या / श्रेणी	संस्तुतिकर्ता अधिकारी	अभियोग	कृत कार्यवाही अनर्ह
1	2	3	4	5	6
1.	श्री गोविन्द पाल पुत्र श्री मनीराम, निवासी–14 बीघा, ऋषिकेश	यूके–1420060004067, हल्का मोटर वाहन, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
2.	श्री पंकज कुमार पुत्र श्री राम कुमार, निवासी–बनखण्डी, ऋषिकेश	यूके–1420070092303, हल्का मोटर वाहन, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	शराब का सेवन कर, वाहन का संचालन करना	15.12.2018 से 14.06.2019 तक अनर्ह
3.	श्री राजपाल सिंह पुत्र श्री गुलाब सिंह, निवासी–जीवनवाला, भानियावाला, देहरादून	यूके–1420170100161, मोटर साइकिल व कार	उप पुलिस अधीक्षक, ट्रैफिक एडमिन एण्ड आर0डी0 रोड सेफ्टी, चण्डीगढ़	रेड लाइट जम्प	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
4.	श्री गापेन्द्र सिंह पुत्र श्री बलवीर सिंह, निवासी–रमेश व्यास ढालावा, ऋषिकेश	यूके–1420090024620, हल्का मोटर वाहन, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सोलन, हि0प्र0	शराब का सेवन कर, वाहन का संचालन करना	15.12.2018 से 14.06.2019 तक अनर्ह
5.	श्री मो0 रफी पुत्र श्री अली मोहम्द, निवासी–273, मालवीय नगर, बापूग्राम, ऋषिकेश	यूके–1420090005230, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
6.	श्री रमेश कुमार सक्सेना पुत्र श्री मकु लाल सक्सेना, निवासी–रेशम माजरी, देहरादून	यूके–1420160092028, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
7.	श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री चन्दन सिंह, निवासी–फागूल, टिहरी गढ़वाल	यूके–1420050024737, मोटर साइकिल व कार	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सोनीपत, हरियाणा	ओवर स्पीड	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
8.	श्री गबेर सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह, निवासी–ग्राम नोर, पो0–फकोट, टिहरी गढ़वाल	यूके–1420020034470, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, टिहरी	भार वाहन में ओवर लोड	22.12.2018 से 21.03.2019 तक अनर्ह
9.	श्री भरत सिंह गुसांई पुत्र श्री कुन्दन सिंह, निवासी–टी–2 बी, कोटी कॉलोनी, टिहरी	2205 / ऋषिकेश / 2005, मोटर साइकिल व कार	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	ओवर स्पीड	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
10.	श्री अमित कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश, निवासी–कुडकावाला, डोईवाला, देहरादून	15485 / ऋषिकेश / 2008 मोटर साइकिल व कार	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
11.	श्री गंगा दास पुत्र श्री सुखपाल सिंह, निवासी–12, बापू ग्राम, ऋषिकेश	यूके–1420150081403, मोटर साइकिल	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	22.12.2018 से 21.03.2019 तक अनर्ह

1	2	3	4	5	6
12.	श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री रामचन्द्र सिंह, निवासी–60, बसकटल, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल	यूके–1420130058263, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, टिहरी	भार वाहन में ओवर लोड	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
13.	श्री विजय मोहन भट्ट पुत्र श्री नत्थी लाल, निवासी–213, गुमानीवाला, ऋषिकेश	यूके–1420090008307, मोटर साइकिल	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
14.	श्री अजीत मोहन विजलवाण पुत्र श्री विशान मनी विजलवाण, निवासी–अमितग्राम, गुमानीवाला, ऋषिकेश	यूके–1420130051230, मोटर साइकिल व कार	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	22.12.2018 से 21.03.2019 तक अनर्ह
15.	श्री करन भारद्वाज पुत्र श्री संजय भारद्वाज, निवासी–13, बिडला फार्म, हरिपुर कलां, देहरादून	यूके–1420150053426, मोटर साइकिल व कार	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	22.12.2018 से 21.03.2019 तक अनर्ह
16.	श्री अनिल सिंह पुत्र श्री राम चन्द्र सिंह, निवासी–क्यार्क भटवाडी, उत्तरकाशी	यूके–1420040020279, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	पुलिस अधीक्षक, उत्तरकाशी	शराब का सेवन कर, वाहन का संचालन करना	22.12.2018 से 21.03.2019 तक अनर्ह
17.	श्री विक्रम सिंह पुत्र श्री गोविन्द सिंह, निवासी–नन्द किशोर टीपीटी क0, ऋषिकेश	यूके–1420000050140, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	पुलिस अधीक्षक, रूद्रप्रयाग	शराब का सेवन कर, वाहन का संचालन करना	22.12.2018 से 21.03.2019 तक अनर्ह
18.	श्री युसफ अली पुत्र श्री राजीव अली, निवासी–श्यामपुर, गुमानीवाल, ऋषिकेश	यूके–1420110029063, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	पुलिस उपायुक्त, पंचकुला	शराब का सेवन कर, वाहन का संचालन करना	22.12.2018 से 21.03.2019 तक अनर्ह
19.	श्री रविन्द्र सिंह पुत्र श्री राझा राम, निवासी–14 बीघा, मुनि की रेती, टिहरी गढ़वाल	यूके–1420020008163, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	पुलिस उपायुक्त, पंचकुला	शराब का सेवन कर, वाहन का संचालन करना	22.12.2018 से 21.03.2019 तक अनर्ह
20.	श्री गोपाल रावल पुत्र श्री पद्युमन कुमार रावल, निवासी–200, बनखण्डी, ऋषिकेश	यूके–1420110034230, मोटर साइकिल व कार	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	22.12.2018 से 21.03.2019 तक अनर्ह
21.	श्री निकेतन जोशी पुत्र श्री रघुवीर जोशी, निवासी–रानी पोखरी, ऋषिकेश	यूके–1420030037034, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
22.	श्री रामनन्द पुत्र श्री जोंद लाल प्रसाद, निवासी–बंगला दोगी, टिहरी गढ़वाल	यूके–1419950019277, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
23.	श्री कुलदीप चौहान पुत्र श्री सुमन सिंह, निवासी–नेपाली फार्म, ऋषिकेश	यूके–1420110059642, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह

1	2	3	4	5	6
24.	श्री अनिल चौहान पुत्र श्री प्रेम सिंह चौहान, निवासी–जोशीयाडा, उत्तरकाशी	7651/ऋषिकेश/05, मोटर साइकिल व कार	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	शराब का सेवन कर, वाहन का संचालन करना	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
25.	श्री गजेन्द्र सिंह रौथान पुत्र श्री सुदर्शन सिंह, निवासी–अमितग्राम, ऋषिकेश	यूके–1420140075969, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
26.	श्री सुन्दर लाल पुत्र श्री छवि राम, निवासी–गुमानीवाला श्यामपुर, ऋषिकेश	यूके–1420090006295, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
27.	श्री चन्द्रकान्त चौहान पुत्र श्री गुणान्नद चौहान, निवासी–तुलसी विहार, गुमानीवाला, ऋषिकेश	यूके–1420150083472, मोटर साइकिल व कार	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
28.	श्री सुरज पुत्र श्री ओमवीर, निवासी–भीम नगर, सोनीपत, हरियाणा	31829, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
29.	श्री सौरव शर्मा पुत्र श्री प्रमोद शर्मा, निवासी–बी–153, मवाना हिल्स, मेरठ	एस–54997/मेरठ/2009, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
30.	श्री विजय कुमार सिंह पुत्र श्री रणवीर सिंह, निवासी–आवास–विकास, रुड़की, हरिद्वार	यूके–1720150004545, मोटर साइकिल व कार	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
31.	श्री महेन्द्र कुमार पुत्र श्री मोहन लाल, निवासी–खोजेपुर, पो0–गुरसाडा पिसवान, सीतापुर, उ0प्र0	यूपी–3420140007369, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	15.12.2018 से 14.03.2019 तक अनर्ह
32.	श्री रईस अहमद पुत्र श्री इसलाम, निवासी–लालबाडा, मंगलौर, रूड़की, हरिद्वार	यूके–0820120081796, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	भार वाहन में यात्री ले जाना	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
33.	श्री आलोक कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार, निवासी–1152, राजाका ताजपुर, बिजनौर, यू0पी0	यूपी–2020140009791, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
34.	श्री सौफत यार खान पुत्र श्री मिसरयान खान, निवासी–16, कमालपुर, मीरपुर, बरेली, यूपी	यूपी–2520150008711, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	ओवर स्पीड	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
35	श्री रनवीर सिंह पुत्र श्री बिनामी सिंह, निवासी–रामघाट, बुलन्दशहर, यूपी	यूपी–1320100021853, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	भार वाहन में ओवर लोड	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह

1	2	3	4	5	6
36.	श्री राम धनी राम पुत्र श्री श्री निवास, निवासी–आर्य नगर, ज्वालापुर, हरिद्वार	यूके–0819880070746, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	भार वाहन में ओवर लोड	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
37.	श्री पवन कुमार पुत्र श्री अर्जुन सिंह, निवासी–टोका नगला, जमनीवाला, पौंटा साहिब, हि0प्र0	एचपी–17201000020179, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	ओवर स्पीड	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
38.	श्री जयप्रकाश पुत्र श्री शमेशर सिंह, निवासी–इमलोठ, पो0 कलूपूरा गबाना, अलीगढ़, यूपी	यूपी–8119980074803, कार, हल्का मोटर वाहन (व्यवसायिक)	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	ओवर स्पीड	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह
39.	श्री उत्तम सिंह पुत्र श्री गुलाब सिंह, निवासी–कोठी नं0 6, गली–1, दया नगर, अमृतसर, पंजाब	3357, मोटर साइकिल व कार	सहा0संभ0परि0अ0, ऋषिकेश	मोबाइल का प्रयोग	31.12.2018 से 30.03.2019 तक अनर्ह

डा0 अनीता चमोला,
सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
ऋषिकेश।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 11 हिन्दी गजट/124–भाग 1–क–2019 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।

पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2018–2020

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की, शनिवार, दिनांक 16 मार्च, 2019 ई0 (फाल्गुन 25, 1940 शक सम्वत्)

भाग 8

सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि

कार्यालय नगरपालिका परिषद्, चिन्यालीसौड, उत्तरकाशी

05 दिसम्बर, 2018 ई0

पत्रांक–607/नपा0उपविधि/गजट/2018–19–नगरपालिका परिषद्, चिन्यालीसौड, जनपद उत्तरकाशी द्वारा उत्तराखण्ड (उ0प्र0) नगरपालिका अधिनियम, 1916, अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश–2002 की धारा–298 (2) लिस्ट जे0(डी) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नगरपालिका परिषद्, चिन्यालीसौड के निर्माण कार्यों के सम्पादन करने हेतु ठेकेदारों के पंजीकरण एवं नियन्त्रण के लिए पूर्व व्यवस्था को समाप्त करते हुए, ठेकेदारी पंजीकरण एवं नियन्त्रण उपविधि बनाई गई है, जो नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा–301(1) के अन्तर्गत जनसामान्य अथवा जिन पर इसका प्रभाव पड़ने वाला है, से आपत्तियों एवं सुझाव आमन्त्रित करने हेतु प्रकाशित की गई। निर्धारित समयान्तर्गत कोई भी आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त न होने के फलस्वरूप पालिका परिषद् की बोर्ड बैठक दिनांक 12.04.2018 में अन्तिम रूप से स्वीकार करते हुए, उपविधि सरकारी गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

ठेकेदारी पंजीकरण एवं नियन्त्रण उपविधि–2018

1. परिभाषाएँ :–

1. यह उपविधि नगरपालिका परिषद्, चिन्यालीसौड, जनपद उत्तरकाशी के ठेकेदारी पंजीकरण एवं नियन्त्रण उपविधि–2018 कहलायेगी, जो शासकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से लागू एवं प्रभावी होगी।
2. निकाय–निकाय का तात्पर्य, नगरपालिका परिषद्, चिन्यालीसौड से है।
3. बोर्ड–बोर्ड का तात्पर्य, नगरपालिका परिषद्, चिन्यालीसौड के निर्वाचित अध्यक्ष/सदस्यों अथवा से है।
4. अधिनियम–अधिनियम का तात्पर्य, उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 (उत्तराखण्ड में यथाप्रवृत्त) संशोधन एवं उपान्तरण आदेश–2002 से है।
5. अध्यक्ष–अध्यक्ष का तात्पर्य, नगरपालिका परिषद्, चिन्यालीसौड के अध्यक्ष/प्रशासक से है।
6. अधिशासी अधिकारी–अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य, अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, चिन्यालीसौड से है।

7. पंजीकरण–पंजीकरण का तात्पर्य, नगरपालिका परिषद्, चिन्यालीसौड द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के सम्पादन हेतु ठेकेदारों के पंजीकरण से है।
8. ठेकेदार–ठेकेदार का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो नगरपालिका परिषद्, चिन्यालीसौड में समस्त निर्माण कार्य, पुननिर्माण, सामग्री आपूर्ति एवं अन्य कार्य जो संविदा के अन्तर्गत आते हो, को करने का इच्छुक व्यक्ति हो।
9. श्रेणी–श्रेणी का तात्पर्य, ठेकेदार की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी से है।

2. पंजीकरण की प्रक्रिया :–

नगरपालिका परिषद्, चिन्यालीसौड के निर्माण कार्य (सड़क/नाली/नाला/पुस्ता/अन्य) एवं भवन के निर्माण कार्यों के सम्पादन तथा सामग्री आपूर्ति हेतु ठेकेदार की तीन श्रेणियाँ होगी। इच्छुक व्यक्ति प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में निम्न शर्तें/औपचारिकताओं को पूर्ण कर अपना पंजीकरण करा सकता है:–

1. वह भारत का नागरिक हो तथा नगरपालिका परिषद् सीमान्तर्गत या जनपद उत्तरकाशी में कम से कम 05 वर्ष से निवास करता हो अथवा उत्तराखण्ड राज्य का निवासी हो, का प्रमाण–पत्र दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित देनी होगी।
2. जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र (जो छः महीने की अवधि के अन्दर का हो)।
3. जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त हैसियत प्रमाण–पत्र (श्रेणीवार) हैसियत सीमा निम्न प्रकार निर्धारित की जाती है:–

अ	प्रथम श्रेणी के लिए	15.00 लाख
ब	द्वितीय श्रेणी के लिए	10.00 लाख
स	तृतीय श्रेणी के लिए	2.00 लाख

4. प्रथम श्रेणी में पंजीकरण कराने हेतु लोक निर्माण विभाग, जल निगम, सिंचाई विभाग, ग्रामीण अभियन्त्र विभाग, नगर पंचायत/नगरपालिका परिषद्, जल संस्थान एवं जिला पंचायत आदि विभागों में कम से कम सड़क/नाली/नाला आदि एवं भवन निर्माण का 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव प्रमाण–पत्र एवं एक वित्तीय वर्ष में 2.00 करोड़ के अनुबन्ध (बॉन्ड) पत्र देने होंगे। इसके अतिरिक्त स्वयं का तकनीकी अभियन्ता एवं टी0 एण्ड पी0 (मिक्सचर मशीन/बाइबरेटर/जे0सी0बी0/रोड रोलर/प्रिमीक्सिंग मशीन) आदि होने आवश्यक होंगे। अनुभव प्रमाण–पत्र अधिशासी अभियन्ता/अधिशासी अधिकारी/अपर मुख्य अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी किया गया मान्य होगा।
5. द्वितीय श्रेणी में पंजीकरण कराने हेतु उपरोक्त विभागों में कम से कम तीन वर्ष कार्य करने का अनुभव प्रमाण–पत्र एवं एक वित्तीय वर्ष में 50.00 लाख अनुबन्ध (बॉन्ड) पत्र देने अनिवार्य होंगे (अनुभव प्रमाण–पत्र उपरोक्तानुसार जारी ही मान्य होगा।)
6. तृतीय श्रेणी में पंजीकरण हेतु उत्तराखण्ड सरकार/भारत सरकार के किसी भी विभाग तथा प्रथम रेणी के ठेकेदार द्वारा जिसके साथ कम से कम एक वर्ष का कार्य किया हो, का अनुभव प्रमाण–पत्र देना होगा।
7. प्रत्येक ठेकेदार का आयकर एवं व्यापार कर विभाग (जी0एस0टी0) से पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा आयकर एवं व्यापार कर (जी0एस0टी0) पंजीकरण प्रमाण–पत्र, प्रार्थना–पत्र के साथ उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

3. जमानत :–

ठेकेदार को निम्न श्रेणी के अनुसार स्थाई जमानत राशि राष्ट्रीय बजट पत्र (NSC) अथवा किसान विकास पत्र के रूप में अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बन्धक कर आवेदन–पत्र के साथ देनी होगी।

अ	प्रथम श्रेणी के लिए	50,000.00
ब	द्वितीय श्रेणी के लिए	30,000.00
स	तृतीय श्रेणी के लिए	20,000.00

4. **पंजीकरण शुल्कः–**

ठेकेदार को निम्न श्रेणी के अनुसार पंजीकरण शुल्क की धनराशि नगद रूप में नगर पालिका परिषद् चिन्यालीसौड के कोष में जमा करनी होगी।

अ	प्रथम श्रेणी के लिए	15,000.00
ब	द्वितीय श्रेणी के लिए	10,000.00
स	तृतीय श्रेणी के लिए	5,000.00

5. **पंजीकरण की अवधिः–**

प्रत्येक वर्ष में मात्र अप्रैल से जुलाई तक ठेकेदारों के पंजीकरण किये जायेंगे। पंजीकरण हेतु निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप रू. 100.00 नगर पालिका कोष में जमा कर क्रय करना होगा तथा पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में ही मान्य होगा, जो अवर अभियन्ता की संस्तुति पर अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।

6. **नवीनीकरण की प्रक्रियाः–**

ठेकेदारों को प्रत्येक 3 वर्ष में श्रेणी के अनुसार अपना नवीनीकरण कराना होगा।

1. नवीनीकरण की अवधि 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक होगी। इसके पश्चात नवीनीकरण कराने पर प्रतिमाह रू. 1,000.00 विलम्ब शुल्क का भुगतान कर नवीनीकरण किया जायेगा।

2. नवीनीकरण से पूर्व प्रत्येक ठेकेदार को एक निर्धारित प्रारूप पर जिसका मूल्य रू. 100.00 होगा, नगर पालिका परिषद् चिन्यालीसौड कार्यालय से क्रय कर विगत वर्ष में किये गये विवरण कार्यों का विवरण देना होगा।

3. नवीनीकरण शुल्क निम्न श्रेणी के अनुसार नगर पालिका परिषद्, चिन्यालीसौड के कोष में जमा कराने तथा विगत वर्ष में किये गये कार्यों के विवरण पर नगर पालिका परिषद् चिन्यालीसौड के अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

अ	प्रथम श्रेणी के लिए	3000.00
ब	द्वितीय श्रेणी के लिए	2000.00
स	तृतीय श्रेणी के लिए	1000.00

4. अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी ठेकेदार के पंजीकरण के नवीनीकरण को उसके त्रुटिपूर्ण कार्य के लिए रोक सकता है।

5. नवीनीकरण के आवेदन पत्र के साथ प्रत्येक वर्ष में चरित्र प्रमाण–पत्र (जो छः माह की अवधि के अन्दर का हो) तथा तीन वर्ष बाद नवीनतम हैसियत प्रमाण–पत्र/नवीनीकरण के समय यदि हैसियत यथावत् हो तो उसके लिए शपथ–पत्र देना होगा।

7. **निमार्ण के सम्पादन की सीमाः–**

प्रत्येक श्रेणी के ठेकेदारों का निम्नानुसार कार्य के टेण्डर लेने का अधिकार होगाः–

1. प्रथम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार सभी प्रकार (असीमित धनराशि के) निर्माण कार्यों के टेण्डर लेने के अधिकारी होगें।

2. द्वितीय श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार रू. 05.00 लाख तक के निर्माण कार्यों के टेण्डर लेने के अधिकारी होगें।

3. तृतीय श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार रू. 01.00 लाख तक के निर्माण कार्यों के टेण्डर लेने के अधिकारी होगें।

8. निविदा प्रपत्र की लागतः–

निविदा प्रपत्र का मूल्य निर्माण कार्य के व्यय अनुमान (आंगणन) धनराशि पर निम्न प्रकार निर्धारित किया जायेगाः–

	कार्यों की लागत (रूपये में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रूपये में)
अ.	50,000.00 तक	100.00
ब.	50,000.00 से 1,00,000.00 तक	200.00
स.	1,00,000.00 से 2,00,000.00 तक	400.00
द.	2,00,000.00 से 4,00,000.00 तक	500.00
य.	4,00,000.00 से 8,00,000.00 तक	800.00

रूपये 8,00,000.00 रूपये से ऊपर के कार्यों के प्रपत्र कर मूल्य प्रति 10,000.00 रूपये पर 10.00 रू. के हिसाब से गणना कर निर्धारित किया जायेगा।

प्रत्येक ठेकेदार विभागीय कार्यों का ठेका लेले के लिए नगर पालिका परिषद् चिन्यालीसौड से निविदा प्रपत्र नकद मूल्य देकर खरीदेगा निविदा प्रपत्र का मूल्य जमा होने के पश्चात् किसी भी स्थिति में न तो वापिस होगा और न ही आगामी निविदाओं में समायोजित होगा। निविदा प्रपत्र नगरपालिका चिन्यालीसौड के पंजीकृत ठेकेदारों को ही बेची जायेगी।

9. निविदा स्वीकार करने का अधिकारी:–

ठेकेदार द्वारा डाली गई निविदाओं में न्यूनतम निविदाओं को स्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष का होगा किन्तु यदि न्यूनतम निविदा आंकलन से ठेकेदार के 10 प्रतिशत लाभ घटाने के बाद भी कम है, तो इस पर तकनीकी राय लेकर निर्णय लिया जायेगा। निविदा डालने की तिथि से 6 माह तक उन्ही दरों कार्य करने के लिए बाध्य होगा। यदि ठेकेदार को निविदा डालने की तिथि से 6 माह बाद कार्यादेश दिया जाता है तो ठेकेदार उन दरों पर कार्य करने के लिए बाध्य नहीं होगा।

10. धरोहर राशिः–

उत्तराखण्ड अधिप्राप्ती (प्रक्यूरमेंट) नियम 2008 एवं 2017 में किये गये प्रावधान के अनुसार स्थायी जमानत/धरोहर धनराशि निविदा के साथ राष्ट्रीय बचंत पत्र किसान विकास पत्र एवं एफ. डी. आर., सी. डी. आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी के पदनाम बन्धक देनी होगी।

11. ठेकेदार का भुगतानः–

कार्य समाप्ति के पश्चात ठेकेदार का कार्य सन्तोषजनक होने पर नियमानुसार बिल की धनराशि से समय–समय पर निर्धारित दरों के अनुसार आयकर, व्यापार कर (जी. एस. टी.) एवं जमानतें की राशि काटने के उपरान्त भुगतान किया जायेगा। जमानत राशि का भुगतान 1 वर्ष बाद कार्य सन्तोषजनक होने पर अवर अभियन्ता की संस्तुत पर किया जायेगा।

12. **कार्य पूर्ण करने की अवधिः–**

प्रत्येक पंजीकृत ठेकेदार का यह दायित्व होगा, कि वह निविदा फार्म में दी गयी कार्य अवधि के अन्तर्गत कार्य पूर्ण करें। यदि समय पर कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तथा उसकी कार्य अवधि बढानें हेतु ठेकेदार द्वारा समय समाप्ति से पूर्व औचित्य स्पष्ट करते हुए प्रार्थना–पत्र दिया जाता है तो अवर अभियन्ता/अधिशासी अधिकारी की संस्तुति पर अध्यक्ष द्वारा कार्य अवधि बढानें की स्वीकृति एक बार प्रदान की जा सकती है।

13. **पंजीकरण का निरस्तीकरणः–**

यदि ठेकेदार निर्धारित तिथि तक कार्य प्रारम्भ नहीं करता है अथवा कार्य सन्तोषजनक गुणवत्ता के अनुसार स्वीकृत स्टीमेंट व साईट प्लान के अनुरूप नहीं करता है तो ऐसी स्थिति में अवर अभयन्ता एवं अधिशासी अधिकारी की जाँच आख्या/संस्तुति पर अध्यक्ष द्वारा ठेकेदार के पंजीकरण को निरस्त कर ऐसे ठेकेदार को काली सूची में डाल सकता है। पंजीकरण निरस्तीकरण के फलस्वरूप ठेकेदार का ठेका स्वतः ही निरस्त हो जायेगा और ठेकेदार द्वारा किये गये कार्यों का भुगतान नगर पालिका को हुई हानि के समायोजन के पश्चात किया जायेगा।

14. **जमानत जब्त करने का अधिकारः–**

यदि ठेकेदार नगर पालिका परिषद् चिन्यालीसौड के उपनियमों या ठेके की शर्तों, अनुबन्ध–पत्र का उल्लंघन कर नगर पालिका परिषद्, चिन्यालीसौड को कोई हानि पहुँचाता है या उपविधि के नियम 13 के विपरीत कार्य करता है तो ऐसी दशा में अवर अभियन्ता एवं अधिशासी अधिकारी की जाँच आख्या/संस्तुति पर अध्यक्ष को ठेकेदार की जमानत धनराशि जब्त करने का अधिकार होगा। यदि इसके बाद भी नगर पालिका परिषद्, चिन्यालीसौड की क्षतिपूर्ति न हो तो शेष राशि ठेकेदार की सम्पत्ति से भू–राजस्व के बकाये की भाँति वसूल की जायेगी।

05 दिसम्बर, 2018 ई0

पत्रांक–607/नपा0उपविधि/गजट/2018–19–नगरपालिका परिषद्, चिन्यालीसौड, जनपद–उत्तरकाशी सीमान्तर्गत नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298, उपधारा–2, खण्ड (झ) (घ) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियमावली, 2000 के क्रियान्वयन हेतु नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन उपविधि–2018 बनाई जाती है, जो नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा–301(1) के अन्तर्गत जनसामान्य अतः समाचार–पत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित सुझाव एवं आपत्तियाँ आमंत्रित की गई। निर्धारित समयान्तर्गत कोई भी आपत्ति एवं सुझाव पालिका परिषद् को प्राप्त न होने के फलस्वरूप पालिका बोर्ड बैठक दिनांक 12.04.2018 में अन्तिम रूप से स्वीकार करते हुए उपविधि सरकारी गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन उपविधि–2018

संक्षिप्त प्रसार एवं प्रारम्भः–

1. यह उपविधि नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड, जनपद–उत्तरकाशी की नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन उपविधि–2018 कहलायेगी।
2. यह उपविधि नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड जनपद–उत्तरकाशी के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रभावी होगी।
3. यह उपविधि सरकारी गजट उत्तराखण्ड की तिथि से प्रभावी होगी।

परिभाषायें–

1. नगरीय ठोस अपशिष्ट के अन्तर्गत औद्योगिक परिसंकटमय अपशिष्टों को छोडकर किन्तु उपचारित जैव चिकित्सीय अपशिष्टों को सम्मिलित करते हुए ठोस या अर्द्ध ठोस के रूप से नगरीय/अधिसूचित क्षेत्रों में पैदा किया जाने वाला वाणिज्यक तथा आवासीय अपशिष्ट आता है।
2. **'उपविधि'** से तात्पर्य नगर पालिका अधिनियम 1916 के उपबन्धों के अधीन बनाई गई कोई उपविधि से है।
3. **'नगर पालिका परिषद'** से तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243 (थ) के खण्ड 7 के उपखण्ड (ग) के अधीन किसी नगर के संगठित नगर पालिका परिषद से है।
4. **"अधिशासी अधिकारी"** से तात्पर्य नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत उतरप्रदेश पालिका केन्द्रीयित सेवा–नियमावली –1966 के अधीन नियुक्त अधिशासी अधिकारी से है।
5. **'सफाई निरीक्षक'** से तात्पर्य नगरपालिका चिन्यालीसौड में शासन द्वारा तैनात सफाई निरीक्षक से है, ऐसे अधिकारी के उपलब्ध न होने की स्थिति में नगर पालिका उस अधिकारी/कर्मचारी से है जसे उस पद के कार्यभार के लिए शासन या अधिशासी अधिकारी द्वारा अधिकृत किया गया है।
6. **'निरीक्षण अधिकारी'** का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी सफाई निरीक्षक अथवा ऐसे अधिकारी/कर्मचारी है जिन्हे समय–समय पर अधिशासी अधिकारी के आदेश से निरीक्षण के लिए अधिकृत किया गया है।
7. नियम से तात्पर्य भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या 648 नई दिल्ली मंगलवार 03 अक्टूबर 2000 असाधारण अधिसूचना नई दिल्ली दिनांक 25 सितम्बर 2000 द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत नगरीय ठोस अपशिट (प्रबन्धन और हथालन) नियम 2000 बनाये गये से है।
8. अधिनियम से तात्पर्य (उत्तर प्रदेश) उत्तराखण्ड नगर पालिका अधिनियम से है।

9. **'जीव नाशित।/जैव निम्नकारणीय/जैविक अपशिष्ट'** (biodegerabable waste) से तात्पर्य ऐसे अपशिष्ट ये जिसका सूक्ष्म जीवों द्वारा निम्नकरण किया जा सकता है, जैसे बचा हुआ खाना सब्जी एवं फलों के छिल्के फूलों पौधों आदि के पत्तें एवं अन्य जैविक अपशिष्ट आदि।

10 **'जीव अनाशित अपशिष्ट'** (non biodegerabable waste) का तात्पर्य ऐसे कूडा–कचरा सामग्री से है जो जीव नाशित कूडा कचरा नहीं है और इसके अन्तर्गत प्लास्टिक भी है।

11 **'पुनर्चक्रणीय अपशिष्ट** (recyciable waste)से तात्पर्य ऐसे अपशिष्ट से है जो दोबारा किसी भी प्रकार सीधे अथवा विधि से परिवर्तित करके उसका दोबारा उपयोग किया जा सकता है जैसे–प्लास्टिक पौलीथीन (निर्धारित माईकोन के अन्दर) कागज, धातु, रबड आदि।

12 **'जैव चिकित्सीय अपशिष्ट'**(viomedical waste) से तात्पर्य ऐसे अपशिष्ट से है जिसका जनन मानवों व पशुओं के रोग निदाना, उपचार, प्रतिरक्षीकरण के दौरान या उससे सम्बन्धित किसी अनुसंधान, क्रियाकलापों या जैविक के उत्पादन या परीक्षण के दौरान हुआ हो।

13 **'संग्रहण'** '(collection) से तात्पर्य अपशिष्ट के उत्पति स्थल, संग्रहण, बिन्दुओं तथा किसी अन्य स्थान से ठोस अपशिष्ट को उठाया जाना अभिप्रेत है।

14 **'कचरा खादद बनाने'** (composting) से एक ऐसी नियंत्रित प्रक्रिया से है जिसमें कार्बनिक पदार्थ का सूक्ष्म जैवीय निम्नकरण अन्तर्वलित है।

15 **'ढहान तथा निर्माण सम्बन्धित अपशिष्ट'** (demolition and construction waste) से सन्निर्माण, पुनःनिर्माण, मरम्मत और ढहाने सम्बन्धी संक्रिया के परिणाम स्वरूप निर्माण सामग्री रोडियों और मलबे से उद्भूत अपशिष्ट से है।

16 **'व्ययन'** (disposal) से भूजल, सतही जल तथा परिवेशी वायु गुणवता को प्रदूषण से बचाने हेतु आवश्यक सावधानी से नगरीय ठोस अपशिष्ट का अन्तिम रूप से व्ययन अभिप्रेत है।

17 **'भूमिकरण'** (landfilling) से भूजल सतह जल का प्रदूषण और वायु के साथ उडने वाली धूल, हवा के साथ सडने वाला कूडा बदबू आग के खतरे, पक्षियों का खतरा, नाशीजीव/कृत्तक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन ढाल अस्थिरता और कटाव के लिए संरक्षात्मक उपक्रमों के साथ डिजाईन की गई सुविधा में अपशिष्ट ठोस अपशिष्ट का भूमि भरण पर निपटान अभिप्रेत है।

18. **'निक्षालितक'** (leachate) स वह द्रव्य अभिप्रेत है जिसका ठोस अपशिष्ट या अन्य माध्यम से रिसाव हुआ है। तथा जिसने इसमें से धुलित अथवा निलबिम्त पदार्थ का निष्कर्ष किया है।

19. **'नगर पालिका प्राधिकारी'** (municipal authority) में म्युनिशपल कॉपोरेशन, म्यूनिसिपैलिटी,नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद, जिसके अन्तर्गत अधिसूचित क्षेत्र समिति (एन.ए.सी.) अथवा सुसंगत कानूनों के अन्तर्गत गठित कोई अन्य स्थानीय निकाय अभिप्रेत है, जहां नगरीय ठोस अपशिष्ट का प्रबन्धन और हथालन ऐसे किसी अभिकरण को सौंपा जाता है।

20. **'स्थानीय प्राधिकारी'** (local authority) का तात्पर्य तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन गठित नगर निगम नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, क्षेत्र पंचायत या ग्राम पंचायत है।

21. **'नगरीय ठोस अपशिष्ट** (municipal solid waste) के अर्न्तगत औद्योगिक परिसंकटमय (hazardous) अपशिष्टों कों छोडकर किन्तु उपचारित जैव चिकित्सीय अपशिष्टों को सम्मिलित करते हुए ठोस या अर्द्धठोस रूप से नगरीय/अधिसूचित क्षेत्रों में पैदा किया जाने वाला वाणिज्यक तथा आवासीय अपशिष्ट आता है।

22. **'सुविधा के परिचालक'** (operator of facility) से कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो नगरीय ठोस अपशिष्टों के संग्रहण, पृथक्करण, भण्डारण, परिवहन, प्रसंस्करण और निपटाप की सुविधा का स्वामी या परिचालक है और इसके अन्तर्गत ऐसा कोई अभिकरण आता है जो अपने–अपने क्षेत्रों में नगरीय ठोस अपशिष्टों कि प्रबन्धन एवं हथालन के लिए नगरपालिका प्राधिकारी द्वारा इस रूप से नियुक्त किया गया है। 'प्रसंस्करण' से वह प्रक्रिया अभिप्रेत है, जिसके द्वारा अपशिष्ट सामाग्रियों को नये पुनः चक्रित उत्पादों में परिवर्तिन किया गया है।

23. **'पुनः चक्रण'** (recycling) से वह प्रक्रिया अभिप्रेत है जो नये उत्पादों के उत्पादन के लिए पृथक्करण सामग्रियों को उत्पादन सामग्री में परिवर्तन किया जाता है। जो अपने मूल उत्पादन के समान हो सकता है या नहीं भी हो सकता है।

24. **'पृथक्करण'** (segregation) से नगरीय ठोस अपशिष्टों को कार्बनिक, अकार्बनिक, पुनः चक्रण योग्य और परिसंकटमय अपशिष्टों को वर्गो से अलग–अलग करना अभिप्रेत है।

25. **'भण्डारण'** (storage) से नगरीय ठोस अपशिष्टों के अस्थाई रूप से इस प्रकार डिब्बाबन्द किया जाना अभिप्रेत है जिससे कूडा–कचरा रोग वाहकों के आकर्षित करने आवारा पशुओं तथा अत्याधिक दुर्गन्ध को रोका जा सकें।

26. **'परिवहन'** (transportation) से विशेष रूप से डिजाईन की गई परिवहन प्रणाली द्वारा स्वच्छता से एक स्थान से दूसरे स्थान तक नगरीय ठोस अपशिष्ठ का परिवहन करना अभिप्रेत है ताकि दुर्गन्ध कूडा–करकट बिखरने, रोग वाहकों की पहुंच से रोका जा सकें।

5. कोई भी व्यक्ति/स्थापन (establishment) नगरीय ठोस अपशिष्टों को नाली, सडक, गली, फुटपाथ, किसी भी खुले स्थान पर जो नगर पालिका द्वारा इस प्रयोजन के लिए निर्धारित नहीं किया गया है। न डालेगा और न डलवायेगा।

6. नगरीय ठोस अपशिष्ट के उत्पादक व्यक्ति/स्थापना अपशिष्ट उत्पादन स्थल पद दो कूडेदान रखेगा, जिसमें से एक जैव निम्नकरणीय अपशिष्ट तथा दूसरे में पुनः चक्रणीय अपशिष्ट संग्रहीत करेगा।

7. नगरीय ठोस अपशिष्ट के उत्पादक व्यक्ति /स्थाना द्वारा उक्त बिन्दु 6 के अनुसार संग्रहित जैव निम्नकरणीय अपशिष्ट प्रतिदिन तथा पुनः चक्रणीय अपशिष्ट सप्ताह में एक दिन नगर पालिका, के द्वारा निर्धारित समय, प्रक्रिया के अनुसार नगर पालिका के कर्मचारी/सुविधा प्रचालक (operator of a facility) को देना होगा (किन्तु जैव नाशित कूडा जीव अनाशित थैले में रखकर नहीं डाला जायेगा) जिसके लिए अनुसूची में निर्धारित दरें जो समय–समय पर संशोधित करी जा सकेंगी के अनुसार उत्पादक व्यक्ति/स्थापन से प्रतिमाह सेवा शुल्क (user charges) लिये जायेंगे।

8. नगरीय ठोस अपशिष्ट के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन ढाहान तथा निर्माण सम्बन्धी अपशिष्टों को उठाने के लिए नगरपालिका से सम्पर्क कर पालिका द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ऐसे अपशिष्टों को उठवाने के लिए निर्धारित दर पर सेवा शुल्क (user charges) भुगतान करना होगा।

9. नगरीय अपशिष्टों के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन से द्वारा जहां भी संभव हो बागवानी व सभी पेड पौधों के कूडे परिसर में ही कम्पोस्ट करना होगा जहां ऐसा करना संभव न हो तो नगरपालिका से संपर्क कर पालिका द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ऐसे अपशिष्टों को उठाने के लिए निर्धारित दर पर सेवा शुल्क (user charges) भुगतान करना होगा। किसी भी दशा में ऐसे अपशिष्टों को जलाया जायेगा।

10. नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन द्वारा परिसंकटमय/ (hazaradous) अपशिष्टों को अलग से जमा से जमा रखना होगा और 15 दिन में एक बार द्वार–द्वार संग्रहण हेतु कर्मचारी/सुविधा प्रचालक को देना होगा।

11. नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन अपशिष्टों का प्रबंधन जीव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन एवं हस्तन) नियम 1998 के अनुसार करेगा बिना उपचारित जैव चिकित्सा अपशिष्टों में नहीं मिलायेगा।

12. नगरीय ठोस के उत्पादन करने वाला/हथालन करने वाला व्यक्ति/स्थापन तथा कोई भी व्यक्ति नगरीय ठोस अपशिष्टों को ना जलायेगा और न ही जलवायेगा।

13. नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादन, पृथ्थकरण, संग्रहण, भण्डारण परिवहन तथा व्ययन से सम्बन्धित स्थल का निरीक्षण का अधिकार निरीक्षण अधिकारी का होगा।

14. निरीक्षण अधिकारी द्वारा स्थल पर गये नगरीय ठोस अपशिष्ट को यदि नगरीय ठोस अपशिष्ट को यदि तत्काल उठाने की आवश्यकता समझी जाती है तो मासिक यूज़र चार्जेस के अन्तर्गत निर्धारित नहीं है को अपशिष्ट उत्पादक के द्वारा अथवा नगर पालिका/सुविधा प्रचालक तत्काल उठवाया जा सकेगा और उसके लिए स्थल पर ही यूजर चार्जेस वसूचल किया जा सकेगा जिसकी रसीद अपशिष्ट उत्पादक को दी जायेगी यह धनराशि उसी दिन अथवा अगले कार्यदिवस में नगर पालिका/सुविधा प्रचालन के खाते में जमा की जायेगी।

15. अनुसूची में दी गयी दरों में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की वृद्वि की जायेगी जिसकी गणना रू. 5/रू. को पूर्णांक में की जायेगी।

16. उपविधि में लगाये जाने वाली यूजर चार्जेस/सेवा शुल्क में छूट का प्राविधान नहीं होगा।

अनुसूची–सेवा शुल्क (user charges)

क्र. स.	अपशिष्ट उत्पादक की श्रेणी अपशिष्ट के प्रकार	प्रतिमाह सेवा शुल्क (user charges) की प्रस्तावित राशि रू. में
1	गरीबी रेखा से नीचे के घर	रू. 10.00
2	कम आय वाले घर	रू. 30.00
3	उपरोक्त के अतिरिक्त घर	रू.50.00
4	सब्जी एवं फल विक्रेता	ठेली में फेरी में रू. 10.00 प्रतिदिन दुकान/फड पर रू. 200.00 प्रतिमाह
5	रेस्टोरेन्ट	न्यूनतम 500.00 प्रतिमाह तथा 20 किग्रा. से अधिक प्रति 50 किग्रा. अथवा भाग पर रू. 50.00 प्रतिदिन अतिरिक्त
6	होटल/लाजिंग/गेस्ट हाउस	20 बेड तक रू. 500.00 प्रतिमाह 21 बेड से 40 बेड तक रू. 1000.00 प्रतिमाह एवं 41 से अधिक बेड तक रू. 2000.00 प्रतिमाह
7	आश्रम/अखाडा	21 बेड तक रू. 500.00 21 बेड से 40 बेड तक रू. 700.00 प्रतिमाह एवं 41 से अधिक बेड तक रू. 1000.00 तथा भण्डारा/उत्सव आयोजन रू. 2000.00 प्रतिमाह
8	धर्मशाला	10 कमरों तक रू. 200.00 प्रतिमाह 11 से 25 तक रू. 300.00 प्रतिमाह 25 से अधिक 400.00 प्रतिमाह इस से अतिरिक्त विवाह/उत्सव आयोजन पर रू. 500.00 प्रतिदिन अतिरिक्त
9	बारातघर	रू. 600.00 प्रतिमाह एवं विवाह/उत्सव आयोजन पर रू. 1000.00 प्रति उत्सव/विवाह
10	बैकरी	रू. 500.00 प्रतिमाह
11	कार्यालय	न्यूनतम रू. 200.00 प्रतिमाह 51 कर्मचारियों से 100 तक रू. 300.00 प्रतिमाह 101 से 300 तक रू. 400.00 प्रतिमाह एवं उससे अधिक पर रू. 500.00
12	स्कूल/शिक्षण संस्थाएं (आवासीय)	100 बैड तक के लिये रू. 1000.00 प्रतिमाह उससे अधिक रू. 10.00 प्रति बेड अतिरिक्त
13	स्कूल/शिक्षण संस्थाएं (अनावासीय)	500 विद्यार्थियों तक रू. 200.00उससे अधिक रू. 500.00 प्रतिमाह
14	हॉस्पिटल/नर्सिंग होम	20 बेड तक रू. 400.00 प्रतिमाह 21 बेड से 40 बेड तक रू. 500.00 प्रतिमाह

क्र. स.	अपशिष्ट उत्पादक की श्रेणी अपशिष्ट के प्रकार	प्रतिमाह सेवा शुल्क (user charges) की प्रस्तावित राशि रू. में
	(बायोमेडिकल वेस्ट को छोडकर)	एवं 41 से 100 बेड तक रू. 700.00 प्रतिमाह उससे अधिक रू. 1000.00 प्रतिमाह
15	क्लीनिक (मेडिकल)	रू. 200.00
16	दुकान	रू. 100.00
17	फैक्ट्री	रू. 500.00
18	वर्कशॉप/कबाडी	रू. 500.00
19	गन्ने का रस/ जूस विक्रेता	रू. 200.00
20	सार्वजनिक/ निजी स्थलों पर सर्कस/प्रदर्शनी/विवाह आदि आयोजन जिसमें अपशिष्ट उत्पदन्न हो	रू. 500.00
21	ढहान तथा निर्माण सम्बन्धी अपशिष्ट	0.50 घन मी. तक रू. 100.00, 1.0 घन मी. तक रू. 200.00, 3.0 घन मी.तक रू. 500.00, 6.0 घन मी. तक रू. 1000.00 इससे अधिक प्रति घन मी. रू. 200.00 अतिरिक्त

जैविक अपशिष्ट (Biodegrable)	पुनः चक्रणीय अपशिष्ट (Recyclable)	घरेलू परिसंकटमय (Hazardou)
हर प्रकार का पका बिना हुआ अपशिष्ट	कागज तथा हर प्रकार का प्लास्टिक	एरोसोल कैब
सब्जी एवं फलों के छिल्के फूल एवं घरेलू पौधों का कूडा	कार्ड बोर्ड तथा कार्टन	बटन सैल, फ्लैसाईट/कार बैटरी
घरेलू झाडे से निकली गन्दगी	हर प्रकार की पैकिंग	ब्लीचे, घरेलू रसोई तथा नाला सफाई का सामान
सेनेटरी टावल	हर प्रकार के डिब्बे परिसंकटूय को छोडकर	आयल फिल्टर तथा कार सुरक्षा के उत्पाद
बच्चों के डायपर	हर प्रकार के कांच/धातु/रबड लकडी	रसायन तथा उसके खाली डिब्बे सौन्दर्य तथा उनके खाली डिब्बे
	फाईल, पुडिया ट्रेटोपक कैसेट कम्प्यूटर किस्केट, इलेक्ट्रोनिक पुर्जे, खराब कपडे, फर्नीचर आदि	इन्जेक्शन सुई तथा सिरिज खराब दवाईयाँ कीटनाशक तथा उनके डिब्बे
		लाईट बल्ब टयूब लाईट तथा छोटे फलासेन्ट बल्ब थर्मामीट एवं अन्य पारे वाले उत्पाद
		पेन्ट तेल, गौंद, थीनर तथा उनके डिब्बे फोटोग्राफी के रसायन

शास्ति

उपरोक्त उपविधि का उलल्घंन नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा–299 (1) एवं नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियमावली–2011 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा, जो रू. 5000.00 तक हो सकेगा और जब ऐसा भंग निरस्तरण किया जाये, तो अग्रेत्तर जुर्माना किया जायेगा, जो प्रथम दोष सिद्वि के दिनांक के पश्चात ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसमें अपराधी का अपराध करते रहना–सिद्व हो, रू. 500.00 तक हो सकेगा। यह अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् चिन्यालीसौड, जनपद उत्तरकाशी में अन्तिम रूप में निहित होगा।

ह0 (अस्पष्ट),
अधिशासी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद्,
चिन्यालीसौड़।

ह0 (अस्पष्ट),
प्रभारी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद्,
चिन्यालीसौड़।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 11 हिन्दी गजट/124–भाग 8–2019 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।